(b) the number of them who have been released; and

(c) the measures Government propose to take for their safety in high seas ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH) : (a) and (b) During the last two years 128 Indian fishermen were detained by Pak authorities out of whom 108 fishermen have since been released. In the same period Sri Lankan authorities detained 27 Indian fishermen out of whom 20 have been released.

(c) Government have taken up these incidents with the Government of Pakistan. Constant vigil is being maintained in the maritime region by our concerned authorities including regular surveillance by Coast Guard ships and aircrafts.

Government have also been in touch with the Government of Sri Lanka regarding the problems faced by fishermen from both countries straying into each other's waters. During the Foreign Secretary level discussions with Sri Lanka held in New Delhi in February 1993 it was agreed that mutually acceptable modalities should be worked out to tackle the issue and that concerted efforts will continue to be made in this direction.

भारत का पाकिस्तान के साथ कश्मीर मुद्दे पर बातचीत करने का इरादा

3627. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कश्मीर समस्या का स्थायी हल ढूंढने हेतु पाकिस्तान से बातचीत करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कोई पहल की जा रही है ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) :

(क) और (ख) सरकार ने पाकिस्तान को यह बता दिया है कि वह सभी मतभेदों को शिमला समझौते के अनुसार द्विपक्षीय बातचीत से शांतिपूर्वक सुलझाने के लिए वचनबद्ध है । तथापि, कोई सार्थक बातचीत विशेष रूप से अधिक जटिल प्रश्नों पर तभी की जा सकती है जबकि ऐसा वातावरण बने जो आपसी विश्वास और भरोसा बढ़ाने के अनुकूल हो । इसके लिए पाकिस्तान को भारत विरोधी विध्वंस और आतंकवाद को समर्थन देना बन्द करना होगा ।

भारत में एड्स से खतरा

3628. **श्री सोम पाल** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 दिसम्बर, 1992 के "राष्ट्रीय सहारा" में "म्यानमार से आ रहे एड्स पीड़ितों से भारत को खतरा" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर ध्यान दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो अब तक एड्स से प्रभावित कितने व्यक्ति भारत आ चुके हैं, और

(ग) एड्स से प्रभावित व्यक्तियों के भारत में प्रवेश को पूर्णतः रोकने हेतु सरकार ने क्या ठोस कदम उठाए हैं ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) :

(क) से (ग) इस प्रश्न से सम्बन्धित सूचना एकत्र की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जाएगी ।

विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में मारे गए भारतीय

3629. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेश स्थित भारतीय मिशनों के परिसरों में, इन मिशनों के कर्मचारियों द्वारा कई